इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (छ.ग.)

क्रमांकः प.वि./2021/1734   दिनांक 16 जुलाई, 2021

प्रति,

अधिष्ठातागण एवं प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/मान्यता
प्राप्त परीक्षा केन्द्र

विषयः- शैक्षणिक सत्र 2020-21 के स्नातकोत्तर (वार्षिक) तथा द्विवर्षीय आर्ट एप्रीसियेशन कोर्स (वार्षिक) की लिखित परीक्षाएँ आयोजित करने के संबंध में निर्देश।

महोदय,

विषयान्तर्गत परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय के 2020-21 के एम.ए. (वार्षिक) तथा द्विवर्षीय आर्ट एप्रीसियेशन कोर्स (वार्षिक) की लिखित परीक्षाओं के संबंध में निर्देश निम्नानुसार दिए जा रहे हैं:-

1. प्रश्नपत्र : शैक्षणिक सत्र 2020-21 के स्नातकोत्तर (वार्षिक) तथा द्विवर्षीय आर्ट एप्रीसियेशन कोर्स (वार्षिक) के परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र WhatsApp एवं E-mail के माध्यम से प्रेषित किया जायेगा । निर्धारित तिथि में ही परीक्षा विभाग द्वारा प्रश्नपत्रों को प्रथम पाली में प्रातः 8.00 बजे एवं द्वितीय पाली में दोपहर 1.00 बजे WhatsApp एवं E-mail के माध्यम से संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग से संबंधित अधिष्ठाता को प्रेषित किया जायेगा। संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के संबंधित अधिष्ठाता द्वारा विद्यार्थियों को WhatsApp एवं E-mail के माध्यम से प्रश्नपत्र निर्धारित तिथि में प्रथम पाली में प्रातः 9.00 बजे तथा द्वितीय पाली का अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रेषित किया जायेगा ।

   विद्यार्थियों को लिखित प्रश्नपत्रों का उत्तर घर पर ही लिखने हेतु 03 घण्टे का समय प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तथा अपरान्ह 2 से 5 बजे तक तथा दिव्यांग विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय (1 घंटा) प्रदान किया जावेगा ।

2. उत्तर पुस्तिका : समस्त विद्यार्थियों को प्रश्नों के उत्तर A/4 साईज पेपर में ही लिखना होगा । उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या लिखेंगे तथा हस्ताक्षर भी करेंगे। परीक्षार्थी उ.पु. के मुख पृष्ठ पर निम्नानुसार प्रविष्टियों का उल्लेख अवश्य करें:-

1	परीक्षार्थी का रोल नंबर.....................
2	परीक्षार्थी का नाम ....
3	परीक्षा का नाम ....
4	परीक्षा का विषय ....एवं प्रश्नपत्र............
5	परीक्षा का दिनांक ....एवं समय............

2/-

परीक्षार्थी परीक्षा समय सारिणी के अनुसार प्रश्नपत्र की निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा सम्पन्न कर उसी तिथि पर उ.पु. को Online (WhatsApp अथवा E-mail के माध्यम से परीक्षा संपन्न होने के बाद 1 घंटे के भीतर) माध्यम से साफ्ट कॉपी (पी.डी.एफ.में) तथा उ.पु. की हार्ड कापी स्पीड पोस्ट के माध्यम से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/संबंधित संकाय के अधिष्ठाता को भेजेंगे ।

संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य उत्तर पुस्किाओं की सॉफ्ट कापी (पी.डी.एफ.में) ई-मेल के माध्यम से परीक्षा विभाग के निर्धारित ई-मेल आई.डी. **(Email ID- exam@iksv.ac.in)** पर एवं हार्ड कापी शीघ्रातिशीघ्र डाक के माध्यम से विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे ।

शिक्षण विभाग से संबंधित विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाएँ संबंधित अधिष्ठाता द्वारा सॉफ्ट कापी (पी.डी.एफ.में) ई-मेल के माध्यम से परीक्षा विभाग के निर्धारित ई-मेल आई.डी. पर एवं हार्ड कापी शीघ्रातिशीघ्र परीक्षा विभाग को प्रेषित करेंगे ।

प्रेषित उत्तर पुस्तिका के वाट्सअप पी.डी.एफ. फाईल/ई-मेल/पावती विद्यार्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे ।

आदेशानुसार,

(प्रो.डॉ.आई.डी. तिवारी)
कुलसचिव

University website: iksv.ac.in, exam- exam@iksv.ac.in **Phone: 07820- 234038**

इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (छ.ग.)

पृष्ठांकनः प.वि./2021/ दिनांक जुलाई, 2021

प्रतिलिपि,

1. अधिष्ठातागण, इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़
2. प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/मान्यता प्राप्त परीक्षा केन्द्र
3. परीक्षा विभाग के समस्त कर्मचारीगण
4. कुलपति सचिवालय
5. कुलसचिव कार्यालय

(प्रो.डॉ.आई.डी. तिवारी)
कुलसचिव